जिला विज्ञान क्लब द्वारा स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

अग्र भारत संवाददाता

आगरा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं मुख्य विकास अधिकारी अमित कुमार की सहमति एवं मार्गदर्शन में जिला विज्ञान क्लब आगरा के तत्वाधान में जनपद स्तरीय स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नैनानाजाट, आगरा में जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र पाल सिंह तोमर, जिला विद्यालय निरीक्षक बालिका विश्व प्रताप सिंह एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या वर्षा जैन के निर्देशन में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजीव क्षेत्रीय लेखपाल, गौतम सिंह डायरेक्टर ऑफ़ होटल मैनेजमेंट कॉलेज, प्रभाकर गिरी प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल गंगरौआ (बरौली अहीर), राजेंद्र ग्राम प्रधान नैनानाजाट , जितेंद्र सिंह रावत एसएमसी अध्यक्ष नैनानाजाट एवं डॉ. निखिल जैन जिला समन्वयक जिला विज्ञान क्लब, आगरा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।





कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, पोस्टर , स्लोगन एवं मॉडल निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच का परिचय देते हुए स्वच्छता, जल संरक्षण, वायु प्रदूषण नियंत्रण, प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण, वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन तथा स्वस्थ जीवनशैली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं।इस अवसर पर आमंत्रित महिला चिकित्सक डॉ. अर्पिता द्वारा छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। उन्होंने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। रामनाथ गौतम पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज आगरा ने अपने व्याख्यान में बताया कि आज हम कैसे घरेलू उपाय और उचित खान-पान की सहायता से दैनिक जीवन की समस्याओं को दूर कर सकते हैं जो आज एक बड़ी समस्या बन चुकी है। कार्यक्रम में विद्यालय की 350 से अधिक छात्राओं ने बढ़-चढ़कर ज्ञाभाग गातावाधया में प्रतिभाग किया। किसी की रंगोली ने सुंदरता के साथ स्वच्छता का संदेश दिया तो किसी के पोस्टर ने पर्यावरण की समस्याओं को उजागर किया। किसी के स्लोगन ने जागरूकता की आवाज बुलंद की, तो किसी के मॉडल ने समस्याओं के समाधान का मार्ग दिखाया। उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकगण ने छात्राओं की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं विषय की वैज्ञानिक समझ की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं। पर्यावरण की रक्षा करना केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।। ह्रश्नाह्लह्लह्ल